तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 9 अक्टूबर 2025

14 जामगांव पथ संचलन में स्वयंसेवकों ने अनुशासन…



14 माशा डांगरा में शिक्षा गुणवत्ता पर सामाजिक अंकेक्षण…







## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने

इच्छुक छात्र आवेदन करें, अंतिम तिथि : 16/10/2025




की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप



### युकां ने निकाली मोमबत्ती रैली

**कांकेर।** मंहगी बिजली को लेकर युवक कांग्रेस ने कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से एसबीआई मुख्य ब्रांच के समीप अंबेडकर प्रतिमा स्थल तक मोमबत्ती रैली निकाली और जमकर नारेबाजी किया। इस प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी अमित पठानिया, सहप्रभारी डॉ. मोनिका मांडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, कृपाल कटारिया, खिलेंद्र भूआर्य, सूरज कश्यप, पंकज वाधवानी, राजू दुबे, शोएब अहमद, कांकेर अध्यक्ष खोमेन्द्र उइके, सुरेश नाग, उदय शर्मा, शिवांकित श्रीवास्तव, शेष गजबिए, लोमेंद्र यादव सहित युवक कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### जहर खाए युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 32 वर्षीय किशोर घोष ने जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका 26 सितंबर को मौत हो गया। थाना भानुप्रतापपुर में शुन्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी पखांजुर थाना लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### देवेंद्र को अध्यक्ष पद का मिला दायित्व



**धनेलीकन्हार।** परिक्षेत्र स्तरीय साहू समाज का चुनाव साहू सदन मरकटोला में 6 अक्टूबर को रखा गया था, जिसमें सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी का निर्विरोध चुनाव किया गया। निर्विरोध चुनाव में अध्यक्ष देवेंद्र हिरवानी, उपाध्यछ भागवत साहू, महिला उपाध्यक्ष सावित्री साहू, संगठन सचिव पुनेश्वर साहू, महिला संगठन सचिव टिकेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, कार्यक्रम सचिव शेखर साहू को बनाया गया। चुनाव अधिकारी एवं समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### संकुल प्राचार्य ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत प्राथमिक शाला खेड़ेगांव का संकुल प्राचार्य बाबूलाल कोमरे द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता ▶▶ शेष पेज 12 पर

# काबिज भूमि के बाड़े को तोड़ते हुए जान से मारने की धमकी दी, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम अलवरकला में एक ग्रामीण के बाड़े को तोड़कर जान से मारने की शिकायत भानुप्रतापपुर थाना में हुई है। पुलिस ने आवेदन लेकर जाँच शुरू कर दिया है, वहीं दूसरे पक्ष ने कहा कि जमीन हमारी है, जिस पर शिकायतकर्ता काबिज है। अलवरकला निवासी हितेश कुमार ने थाना भानुप्रतापपुर में लिखित आवेदन देकर सम्यक चोपड़ा पिता स्वरूप चोपड़ा एवं रोहित बोथरा पिता भंवरलाल बोथरा निवासी संबलपुर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत पत्र में हितेश कुमार ने लिखा है कि पूर्वजों के समय से खसरा नंबर 174 स्थित भूमि पर उनका कब्जा है। इस भूमि पर उनके परिवार द्वारा लगभग 50 वर्षों से मकान एवं बाड़ी बनाकर कृषि कार्य किया जा रहा है। सम्यक चोपड़ा एवं रोहित बोथरा 07 अक्टूबर 2025 को हमारे खेत में पहुँचे और बिना सीमांकन के जेसीबी मशीन से उनके कब्जे की भूमि में बने बाड़े को तोड़ दिया। रोकने पर दोनों ने न केवल उन्हें गालियाँ दीं, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा गया कि तुम आदिवासी लोग गाली खाने योग्य हो, ज्यादा बोलोगे तो जान से मरवा देंगे। इस घटना से उन्हें आर्थिक और मानसिक रूप से गहरा आघात पहुँचा है। शिकायतकर्ता ने थाना प्रभारी से आग्रह किया है कि आरोपियों के विरुद्ध अवैध रूप से बाड़ा ▶▶ शेष पेज 12 पर

### कथित भूमि की रजिस्ट्री बयनामा होने का दाव



#### भूमि हमारी है, रजिस्ट्री हो चुकी है

इस मामले में रोहित बोथरा ने जानकारी दिया है कि यह भूमि हमारी है, जिसकी रजिस्ट्री हो चुकी है और पंचनामा भी बना हुआ है, जिसमे अधिकतर अलवरकला के ग्रामीणों ने अपना हस्ताक्षर भी किया है। शिकायतकर्ता द्वारा हमरे ऊपर गलत आरोप लगाया गया है, बल्कि आवेदक हमारे पट्टे की जमीन पर जबरदस्ती काबिज है।

## अपराध : युवक जानलेवा हमले करके हो गया नौ दो ग्यारह, मामला दर्ज

# कोर्ट-कचहरी के चक्कर से परेशान ग्रामीण ने युवक पर छुरी से किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरर

कोरर तहसील में बार बार पेशी जाने से नाराज आरोपी ने अपने रिश्तेदार पर छुरी से जान लेवा हमला कर दिया। हमले से युवक मोटर सायकल से जमीन पर गिर पड़ा। राहगीरों और उसके साथ चल रहे साथियों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूरा मामला कोरर थानांतर्गत ग्राम तरांदुल ग्राम का है।

- राहगीरों और साथियों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में कराया भर्ती

तरांदुल निवासी 20 वर्षीय सुनीता कोरेटी पिता रजेसिंह कोरेटी ने कोरर पुलिस को बताया कि मेरे भाई उमित कुमार कोरेटी 6 अक्टूबर की सुबह जमुना कोर्राम को साथ कोरर तहसील कार्यालय में पेशी आए थे, जिसके बाद ग्राम कोरर का बाजार करके शाम को एक मोटर सायकल से देवकरण शोरी, सुमित्रा शोरी, खिलेश्वरी शोरी एवं दूसरे मोटर सायकल से उमित कुमार कोरेटी, चंदेश्वरी कोरेटी व जमुना कोर्राम वापिस घर ग्राम तरांदुल लौट रहे थे। तरांदुल घाटी बोरेंजा के पास पहुंचे थे कि तरांदुल तरफ से बेलोंडी निवासी रज्जे सिंह कोर्राम पिता फूलसिंह कोर्राम अपनी मोटर सायकल से आकर मेरे भाई उमित कुमार के मोटर सायकल को रोका। उसके बाद भाई उमित कुमार के मोटर सायकल की चाबी और साथ आ रहे देवकरण शोरी के मोटर सायकल के चाबी को अपने पास रख लिया। रज्जे सिंह कोर्राम ने गाली गलौज करते किसी को आगे जाने नही दे रहा था। देवकरण शोरी के द्वारा बोला गया कि ठीक है, हम अपनी-अपनी मोटर सायकल को पैदल ढुलाते हुए ले जाते है, कहकर तरांदुल की ओर जाने लगे। रज्जेसिंह कोर्राम भी अपनी मोटर सायकल को वहीं पर छोड़कर हमारे पीछे पीछे आने लगा। कुछ दूर चलने के बाद हमारे साथ चल रही चंदेश्वरी कोरेटी को राहगीर के मोटर सायकल से तरांदुल भेज दिए। घाटी चढ़ाव होने के कारण पैदल चलने से थकान लगने के कारण रज्जे सिंह कोर्राम को बोले कि आप हमारे पीछे पीछे आ रहे हो तो मोटर सायकल के चाबी को रखे हो, उसे दे दो और हमारे साथ मोटर सायकल से चलो। ऐसा कहने पर एक मोटर सायकल में देवकरण शोरी, सुमित्रा शोरी, जमुना कोर्राम एवं दूसरी मोटर सायकल में उमित कोरेटी, रज्जे सिंह कोर्राम, खिलेश्वरी बैठकर तरांदुल के लिए रवाना हुए। उमित कुमार के मोटर सायकल के पीछे पीछे देवकरण शोरी अपनी मोटर सायकल से आ रहे थे। आरोपी ▶▶ शेष पेज 12 पर



#### पत्नी को रखने की बात कहते हुए मारी छुरी

आवासपारा तरांदुल के सामने मोड़ पर पहुंचे थे कि भाई उमित कोरेटी के मोटर सायकल मे बैठे रज्जे सिंह कोर्राम कोर्राम ने बोला कि तुम मेरी पत्नी को अपने घर में रखे हो और बार बार पेशी चला रहे हो। गाली देते हुए जान से मार दूंगा कहकर अपने साथ पहले से रखे हुए छुरी से उमित कुमार कोरेटी के पीठ में हमला कर दिया। हमला से उमित कोरेटी को चोट और वह मोटर सायकल सहित वहीं पर गिर गया। गिरने के बाद रज्जे सिंह कोर्राम कोर्राम भाग गया।

#### राहगीरों की मदद से पहुँचाया अस्पताल

दूसरी मोटर सायकल से पीछे आ रहे देवकरण अपने मोटर सायकल को रोककर अपने साथ जा रहे जमुना कोर्राम के साथ उमित कुमार कोरेटी के पास जाकर देखे तो उमित कुमार कोरेटी के पीठ मे छुरी से मारने से चोट लगने से खून निकल रहा था, जिसे उठाकर राहगीरो के मोटर सायकल से तरांदुल लेकर आए। उमित कुमार कोरेटी को ग्राम हाटकर्रा के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

# करवा चौथ पर बाजार की रौनक बढ़ी, ग्राहकों का लगा रेलमपेल



पर्व की खरीदी के लिए महिलाओं में लगी होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

अखंड सौभाग्य एवं घर-परिवार में सुख-शांति की कामना लिए महिलाएं करवां चौथ का व्रत रखेंगी। इस अवसर पर चांद का दर्शन व पूजा कर पर्व मनाएंगी। पर्व के लिए बाजार में पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है, जिसकी जमकर खरीदी भी की जा रही है।

शरद पूर्णिमा पर्व के बाद कार्तिक माह में लगातार त्योहारों का क्रम शुरू होने वाला है। विशेष कर सुहागिनों का बड़ा पर्व करवा चौथ कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाएगा। सौभाग्य एवं घर-परिवार में सुख-शांति की कामना लिए इस दिन महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखेंगी। शाम को चांद का दर्शन करने के पश्चात ही व्रत खोलेंगी। आगामी दिनों में आने वाले इस पर्व को लेकर सुहागिनों में उत्साह एवं श्रद्धा भक्ति का माहौल है। पंचाग के अनुसार करवा चौथ व्रत 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा। कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 9 अक्टूबर की रात 10 बजकर 54 मिनटसे शुरू होगी, जो 10 अक्टूबर को शाम 7 बजकर 38 मिनट तक रहेगी।

पर्व को लेकर शहर के पुराना बस स्टैंड एवं नए बस स्टैंड के आसपास मिट्टी के बने करवे सहित अन्य पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है, जहां से खरीदी भी शुरू हो चुकी है।

#### बाजार में बढ़ी चहल-पहल

त्योहार के चलते बाजार में चहल पहल बढ़ गई है। कपड़े, आभूषण सहित सौंदर्य सामग्रियों की दुकानें भी सजी हुई है, जहाँ खरीदी के लिए महिलाओं की बेहतर उपस्थिति बन रही है। ऐसी मान्यताएं है कि करवा चौथ के दिन चंद्रमा की पूजा करने से सौभाग्य और घर-परिवार में सुख-शांति के लिए आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## सर्व पिछड़ा वर्ग समाज स्थापना दिवस महोत्सव 17 को मनाएंगे

**भानुप्रतापुर।** भानुप्रतापपुर हाई स्कूल मैदान में 17 अक्टूबर को आयोजित होने वाले सर्व पिछड़ा वर्ग समाज स्थापना दिवस महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने 8 अक्टूबर को कलेक्टर निलेश क्षीरसागर एवं सीईओ हरेश मंडावी पहुँचे और तैयारी में लगे पदाधिकारियों एवं नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर से संवाद किया। कलेक्टर ने समाज के पदाधिकारियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों से विस्तारपूर्वक चर्चा कर कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मुख्य अतिथि के रूप आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और समाज के सदस्य जोर-शोर से तैयारियों में ▶▶ शेष पेज 12 पर



महोत्सव की तैयारी की कलेक्टर ने लिया जायजा

## स्कूटी पर प्रेमी युगल की बेजा हरकत वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें युवक स्कूटी में अपनी प्रेमिका को गोद में बिठाकर रोमांस करता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी प्रेमी जोड़े की तलाश में जुट गई है, वहीं इस शर्मसार कर देने वाले वीडियों को लेकर लोगों में नारजगी भी देखने को मिली। शहर में शराब, गांजा और नशिली दवाईयों के अवैध कारोबार करने वालो के खिलाफ एक माह पूर्व कांकेर पुलिस ने कड़ा अभियान छेड़ते हुए लगातार कार्यवाही किया। पुलिस की कार्यवाही को देख नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त करोबारी में दहशत देखते ही बनता था। लेकिन कुछ दिनों से शहर के गलियों और बाईपास रोड में आधी रात को प्रेमी ▶▶ शेष पेज 12 पर



## माँग पूरी नहीं होने पर दो दिन बाद किया जाएगा चक्काचाम

# कलेक्टर के आश्वासन पर भानुप्रतापपुर परिवहन संघ ने धरना किया समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर परिवहन संघ द्वारा लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू किया था, परंतु 8 अक्टूबर को कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के आश्वासन पर परिवहन संघ ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। संघ की मुख्य मांग थी कि विगत समय कलेक्टर की मध्यस्थता में दी गई 13 अतिरिक्त गाड़ियों की लोडिंग को पुनः आरंभ किया जाए, जिसे माइंस प्रबंधन द्वारा 1 अक्टूबर से बंद कर दिया गया था।

जानकारी के अनुसार विगत दिनों कच्चे माइंस में ट्रक को लगाने को लेकर कलेक्टोरेट में बैठक आयोजित की गई थी और प्रबंधन ने अतिरिक्त 13 गाड़ियों की लोडिंग देना तय हुआ था, जिसे 1 अक्टूबर से बंद कर दिया था, जिससे नाराज भानुप्रतापपुर परिवहन संघ ने 7 अक्टूबर से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। भानुप्रतापपुर प्रवास पर 8 अक्टूबर को पहुँचे कलेक्टर से परिवहन संघ के पदाधिकारियों ने पूरी स्थिति की जानकारी दिया, इस पर कलेक्टर ने दो दिन बाद 10 गाड़ियों के लगाने का आश्वासन दिया। परिवहन संघ के अध्यक्ष ने कहा कि आपका प्रतिनिधि मंडल धरना स्थल पर जानकारी दे देगा, तो सभी को आपके निर्णय की जानकारी मिल जाएगी। कलेक्टर के आदेश पर एसडीएम गंगाधर वाहिले, तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा और थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख धरना स्थल पहुँचे और एसडीएम ने बताया कि कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि दो दिन बाद 10 गाड़ियों की लोडिग मिलना शुरू हो जाएगा। धरने पर बैठे परिवहन संघ के पदाधिकारियों ने उसी समय धरना समाप्त करने की घोषणा कर दिया। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में परिवहन संघ के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशासन की पहल पर फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है। धरना प्रदर्शन में संघ के उपाध्यक्ष बब्बू ठाकुर, सचिव भूपेंद्र सिंह सिद्धू, सहसचिव हिमांशु संचेती, कोषाध्यक्ष सुशांत पवार एवं परिवहन संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



#### सड़क मरम्मत की माँग की

भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि हाल ही में रेलवे साइडिंग तक की सड़क स्वयं के व्यय पर बनाया गया था, जिसे माइंस ट्रकों के आवागमन से क्षति पहुँची है। संघ ने मांग किया है कि उक्त सड़क की मरम्मत या निर्माण लागत की राशि परिवहन ठेकेदार कंपनी देव माइनिंग से वसूली किया जाए। देव माइनिंग के द्वारा रोड खराब करने से चांवल की मालगाड़ी रेक नहीं लग पा रही है, जिससे सभी परिवहन संघ के सदस्यों की रोजी रोटी पर असर पड़ रहा है।

#### चक्काजाम किया जाएगा

परिवहन संघ के अध्यक्ष गुरूदीप सिंह ढीढसा ने बताया कि कलेक्टर ने दो दिन में गाड़ियों के लगाए जाने का आश्वासन दिया है। संघ ने स्पष्ट कहा है कि यदि आश्वासन पर अमल नहीं हुआ तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। उग्र आंदोलन के तहत चक्काजाम भी किया जाएगा। माइंस प्रबंधन सबके सामने सहमति जताने के बाद बार बार निर्णय बदलता रहता है, जिससे लगातार दिक्कतें खड़ी हो रही है।

## विवादित भूमि पर निर्माण रोकने के लिए ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम सटेली के ग्रामीणों ने एसडीएम भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपकर वन भूमि खसरा नंबर 199 से रकबा 0.32 हेक्टेयर पर जारी निर्माण कार्य को तत्काल रोकने की मांग किया है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सटेली की सावित्री भुआर्य पति सोनऊ भुआर्य द्वारा फर्जी तरीके से वन अधिकार पट्टा बनवाया गया है, जिसकी शिकायत पूर्व में संबंधित विभाग को की जा चुकी है। मामले की जांच भी अधिकारी द्वारा की जा रही है, इसके बावजूद संबंधित भूमि पर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच पूरी होने तक निर्माण रोकने का आग्रह करने पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे ग्राम में शांतिभंग की आशंका है। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग किया है कि जांच ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ितों के वारिसों को 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से मृत व्यक्तियों के 6 प्रकरणों में वारिसों को 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। कलेक्टर ने बड़े राजपुर तहसील के ग्राम छिन्दली निवासी सुकलाल की पानी में डूबने से मृत्यु पर उनके पुत्र दलसाय को 4 लाख रुपए, कोण्डागांव तहसील के ग्राम सिंगनपुर निवासी घसीन की मृत्यु पर उनके पति साधूराम, पुत्र–पुत्रियों फूलबती, मुंगबती, सरस्वती, सरसती, संता, संदेश, सामलाल को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। मर्दापाल तहसील के ग्राम आदवाल निवासी मोसुराम कश्यप की डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी मनती कश्यप को 4 लाख रुपए, वहीं ग्राम टिमेनार निवासी रसमन सलम की सर्पदंश से मृत्यु पर उनकी पत्नी रसोरम सलम को 4 लाख रुपए की सहायता दी गई। बड़े राजपुर तहसील के ग्राम सलना निवासी खियांश मण्डावी की पानी में डूबने से मृत्यु पर उनके माता–पिता जगन्तीनबाई मण्डावी एवं महेश्वर मण्डावी को 4 लाख रुपए आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई।

### वन विभाग ने निकाली जागरुकता रैली



**फरसगांव।** वनमंडल केशकाल में राष्ट्रीय वन प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत वन विभाग द्वारा बुधवार को बंगाली गांव के स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम कर गांव में जन जागरुकता रैली निकाली गई । वनमंडलाधिकारी दिव्या गौतम के निर्देश पर बंगोली गांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वन विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए गए। जिसमें छात्र छात्राओं के बीच निबंध, चित्रकला ,भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरुस्कार का वितरण किया गया। जिसके बाद स्कूली बच्चों के साथ गांव में जागरुकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण में महत्व को समझाने का प्रयास किया गया।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 21 स्वर्ण पदक के साथ बस्तर संभाग रहा अग्रणी

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों ने जूडो में लहराया परचम, जीता 10 स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज : कोण्डागांव

दुर्ग में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कोंडागांव बस्तर संभाग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले और संभाग का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। विद्यालय के जूडो खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक अर्जित किए। जिससे विद्यालय ने बस्तर संभाग में शीर्ष स्थान हासिल किया। पूरे बस्तर संभाग को कुल 21 स्वर्ण पदक प्राप्त हुए, जिनमें से अकेले स्वामी आत्मानंद विद्यालय, कोंडागांव के खिलाड़ियों ने 10 स्वर्ण पदक जीते। यह उपलब्धि विद्यालय में खेल प्रशिक्षण की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की लगन व अनुशासन को दर्शाती है। विद्यालय की अंडर–17 वर्ग की स्वर्ण पदक विजेता हेमबती नाग ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उन्हें खेल क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने दिया। यह उपलब्धि पूरे बस्तर संभाग के लिए गौरव का क्षण रही। विद्यालय परिवार ने विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत कर सम्मान किया। शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने इस उपलब्धि पर गौरव और खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल विद्यालय बल्कि पूरे बस्तर संभाग के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।



### अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम : प्राचार्य

विद्यालय के प्राचार्य पी.एस. डेनियल ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षिका को बधाई देते हुए कहा यह सफलता हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है। विद्यालय ऐसी प्रतिभाओं को हरसंभव सहयोग और प्रोत्साहन देता रहेगा। खेल प्रशिक्षिका श्रीमती सुधा तिवारी पीटीआई ने बताया कि बच्चों ने निरंतर अभ्यास और टीम भावना के बल पर यह सफलता अर्जित की है।

## सरपंच, जनप्रतिनिधि, पालकगण और ग्रामीणों ने की सक्रिय भागीदारी

# हायर सेकेंडरी स्कूल किवई बालेंगा में हुआ शिक्षा गुणवत्ता का सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत आज हायर सेकेंडरी स्कूल किवई बालेंगा में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम की सरपंच श्रीमती दया मरापी, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पालकगण, ग्रामवासी, शाला स्टाफ और छात्र–छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता के लिए सामजिक अंकेक्षण कार्य को संपन्न करने के लिए सामाजिक अंकेक्षण कर्ता हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर के प्रभारी प्राचार्य मयूर डोंगर के प्रभारी प्रचार जमील खान ने सफलता पूर्वक संपन्न कराया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं से पूछे गए सभी प्रश्नों का सही सही उत्तर दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे और उन्होंने भी अपनी शिक्षा और विद्यालय से जुड़ी अपेक्षाएं रखीं। ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सभी मिलकर विद्यालय का सहयोग करेंगे। आयोजन में स्कूल स्टाफ के साथ ही सरपंच श्रीमती दयावती मरापी कुंदर सिंह बघेल, सुरेन्द्र देवांगन, नंदकुमार कौशल, कृष्णा चौहान, मुकुन्द देवांगन, मोहन सेठिया, गोकुल देवांगन, टी. आर. बघेल, कमला ओझा, रमेश्वरी सेठिया वह पलक गण और ग्रामवासी मौजूद रहे।





### शिक्षा की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा

सामाजिक अंकेक्षण के दौरान विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था, शिक्षण गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, परीक्षा परिणाम और उपलब्ध संसाधनों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही यह भी देखा गया कि शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ बच्चों तक किस प्रकार पहुंच रहा है।

### जिम्मेदारी तय, सुधार के सुझाव भी दिए

अंकेक्षण में पालकगण और ग्रामवासियों ने विद्यालय की प्रगति पर अपने सुझाव रखे। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि को उच्च स्तर तक ले जाने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### शिक्षक–पालक संवाद पर दिया गया जोर

कार्यक्रम प्रभारी श्री दुबे और वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रकांत ठाकुर, वर्षा, श्रीमती यादव सहित समस्त शाला स्टाफ ने पालकों से संवाद स्थापित कर विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी साझा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि बच्चों की शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

# कलेक्टर नुपूर ने 10 वीं के बच्चों को पढ़ाया गणित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालयकोंडागांव का निरीक्षण किया और विद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उ न्हों ने विद्यार्थियों से संवाद किया और शिक्षकों से शिक्षण पद्धति की जानकारी ली।

- कलेक्टर ने बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को गणित का पाठ पढ़ाया। उन्होंने स्वयं ब्लैकबोर्ड पर प्रश्न हल करते हुए विद्यार्थियों को चरणबद्ध तरीके से समाधान समझाया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को गणित के सूत्रों को याद रखने और समस्याओं को हल करने के आसान टिप्स दिए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और एकाग्रता से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि गणित कठिन नहीं बल्कि तार्किक सोच विकसित करने वाला विषय है, जिसे अभ्यास से सरल बनाया जा सकता है।

### शिक्षकों को दिए निर्देश

कलेक्टर ने विद्यालय के शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को रोचक और इंटरेक्टिव तरीकों से पढ़ाएं, ताकि वे विषय में रुचि बनाए रखें। साथ ही उन्होंने विद्यालय की कक्षाओं को पुराने केवीके भवन में संचालित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं सुविधाओं की भी समीक्षा की।

# एआईसीसी पर्यवेक्षक ओडिशा सांसद सप्तगिरी करेंगे कार्यकर्ताओं से रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत कोंडागांव जिले में 11 अक्टूबर को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं ओडिशा के सांसद सप्तगिरी उल्का जिले का दौरा करेंगे और कार्यकर्ताओं से जिलाध्यक्ष चयन को लेकर रायशुमारी करेंगे। अभियान के अंतर्गत कोंडागांव जिले में सह प्रभारी के रूप में पीसीसी उपाध्यक्ष प्रेमचंद जायसी की नियुक्ति की गई है। उनकी मौजूदगी में जिलेभर के कांग्रेसजन ब्लॉकवार बैठक कर अपनी राय देंगे। केशकाल मंगल भवन केशकाल बड़े राजपुर और धनोरा ब्लॉक के नेता। फरसगांव रेस्ट हाउस फरसगांव ब्लॉक के कांग्रेसजन। कोंडागांव ऑडिटोरियम कोंडागांव, माकड़ी और मर्दापाल ब्लॉक के नेता यहां पर्यवेक्षक और सह प्रभारी स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रिपोर्ट तैयार करेंगे। सिर्फ कार्यकर्ताओं ही नहीं बल्कि स्थानीय पत्रकारों एवं सामाजिक संगठनों से भी संवाद कर पर्यवेक्षक योग्य जिलाध्यक्ष की तलाश करेंगे। बाद में यह रिपोर्ट एआईसीसी को सौंपी जाएगी।

### जल्द जारी होगी जिलाध्यक्षों की सूची

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, एआईसीसी द्वारा प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों की सूची एक साथ जारी की जाएगी। इससे पहले ब्लॉक स्तर पर भी पर्यवेक्षकों ने रिपोर्ट तैयार कर पीसीसी को भेजी है।

### कांग्रेस नए कलेवर में दिखेगी : संगठन

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस आने वाले समय में नए कलेवर और नई ऊर्जा के साथ जनता के बीच उतरेगी। अभियान के जरिए संगठन जमीनी स्तर पर मजबूत होगा और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का डटकर मुकाबला किया जाएगा।

जल संरक्षण स्वच्छता और जनजागरुकता पर रहा विशेष फोकस

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर ग्राम पंचायतों में हुई विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। इसी क्रम में 3 से 10 अक्टूबर 2025 तक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिले की ग्राम पंचायतों में विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के निर्देशन में जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों में जल एवं स्वच्छता रैली, श्रमदान से साफ–सफाई अभियान, और जल संरक्षण पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व और शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जनपद पंचायत फरसगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटपाढ़ और मांझीआठगांव जनपद पंचायत केशकाल के ग्राम जामगांव, जनपद पंचायत बड़ेराजपुर के सलना व चिचाड़ी, जनपद पंचायत कोंडागांव के बड़ेभिरावंड, बड़ेकनेरा, राजागांव, तथा जनपद पंचायत माकड़ी के काटागांव में रैली, रंगोली प्रतियोगिता और श्रमदान जैसे कार्यक्रम संपन्न हुए।

# नगर के स्कूलों में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत 8 अक्टूबर को फरसगांव में शासकीय शालाओं का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। अंकेक्षण का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सामुदायिक भागीदारी को सुदृढ़ बनाना है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक के नेतृत्व में अंकेक्षण दल द्वारा फरसगांव ब्लॉक के विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इनमें फरसगांव नगर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम और हिंदी माध्यम स्कूल और शासकीय कन्या माध्यमिक और कन्या हाई स्कूल सहित अन्य विद्यालय शामिल रहे।

अंकेक्षण के दौरान विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्रों के सीखने के स्तर, शिक्षकों की उपस्थिति और शिक्षण पद्धति, तथा संसाधनों के उपयोग एवं रखरखाव की विस्तृत समीक्षा की गई। विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनके सीखने की क्षमता एवं शिक्षण सामग्री की उपलब्धता का भी मूल्यांकन किया गया। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि प्रत्येक छात्र में गुणवत्तापूर्ण अधिगम सुनिश्चित करना है। विद्यालय स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के साथ सामुदायिक निगरानी भी इस प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है। अंकेक्षण टीम ने शिक्षकों से शिक्षण गुणवत्ता में सुधार के लिए नवाचार अपनाने, नियमित मूल्यांकन करने और विद्यार्थियों को सक्रिय अधिगम की दिशा में प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। वहीं स्कूल प्रबंधन समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने पर भी बल दिया गया, ताकि समुदाय की भागीदारी से शिक्षा प्रणाली और अधिक प्रभावी बन सके। सामाजिक अंकेक्षण के परिणामों के आधार पर आगे की कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिससे साजा विकासखण्ड में शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ किया जा सके।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान कन्या माध्यमिक और हाई स्कूल के प्राचार्य आर एन तिवारी , संकुल समन्वयक डीलेश्वर कुमार साहू, सुरेश मंडावी, लक्ष्मी जैन, निर्मला जैन, कविता ठाकुर, आदिशा खान, मुक्ता चक्रवर्ती रामकुमारी मेरिया, स्मिता बागड़े , सृष्टि देवांगन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पालकजन और स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### धनौरा की बेटी विशाखा ने नेशनल एथलेटिक्स में हासिल किया प्रथम स्थान

**केशकाल।** केशकाल ब्लाक के धनोरा के सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा विशाखा यादव छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए भोपाल में 36 वीं नेशनल एथलेटिक्स 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करके और अपने माता-पिता परिवार सहित शाला परिवार तथा गांव एवं पूरे जिला को गौरान्वित किया है । राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करके गुरुवार को विशाखा यादव आज धनौरा आएगी। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद पहली बार धनौरा आने पर जबर्दस्त स्वागत सम्मान की तैयारी धनौरावासियों द्वारा और सरस्वती शिशु मंदिर परिवार एवं यादव समाज द्वारा किया जा रहा है । कुमारी विशाखा केशकाल अंचल की पहली बिटिया है, जिसने राष्ट्रीय स्तर के ऐथेलिटिक्स की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने का सम्मान प्राप्त किया है ।



# सिरसिदा माशा में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर जोर

**चारामा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत ग्राम सिरसिदा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार तथा सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की आधारशिला है। प्रत्येक अभिभावक को अपने बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय सहयोग देना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिरसिदा के सरपंच कैलाश कोवाची, कन्हैया सिंह ठाकुर, यादोराम साहू, कन्हैया सिंह उनद्रा, लेखराम साहू, पेमिन सिन्हा, इंद्र कुमार साहू, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।



## बीजापुर के 32 पूर्व माओवादियों ने सीखा कुक्कुटपालन और बकरीपालन का गुर

# आत्मसमर्पित माओवादियों ने थामी तरक्की की डोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माओवाद का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटे बीजापुर जिले के 32 आत्मसमर्पित माओवादियों ने अब विकास और स्वरोजगार की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इन सभी ने जगदलपुर स्थित क्षेत्रीय स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में एक महीने का कुक्कुटपालन और बकरीपालन का विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से पूर्व नक्सलियों ने न केवल पशुपालन के वैज्ञानिक तरीके सीखे, बल्कि एक सफल उद्यमी बनने की बारीकियों को भी जाना। एक माह की गहन ट्रेनिंग में आत्मसमर्पित माओवादियों को कुक्कुटपालन और बकरीपालन से संबंधित हर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। यहां उन्होंने उन्नत नस्लों का चयन, चारा प्रबंधन और संतुलित आहार की जानकारी, टीकाकरण, रोगों की पहचान और उपचार के तरीके के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, ऋण प्राप्त करने और अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने की रणनीति के संबंध में प्रशिक्षण लिया।

- समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शासन की अभिनव पुनर्वास नीति से मिल रहा लाभ

प्रशिक्षण लेने वाले एक आत्मसमर्पित माओवादी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जंगल में जीवन बहुत मुश्किल और खाली था। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर आत्मसमर्पित माओवादियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जो पुनर्वास नीति बनाई गई है, वह एक अभिनव प्रयास है। जिससे अब हम अपने हाथों से काम करके परिवार के लिए एक स्थिर और सम्मानजनक जीवन-यापन कर सकते हैं। सरकार के इस कदम से हमें बहुत हिम्मत मिली है। सुरक्षा बलों के कैंपों के खुलने से अब शासन की योजनाएं भी गांव-गांव पहुंचने लगी हैं। इनमें माओवाद प्रभावित गांवों के विकास के लिए विशेष रूप से चलाई जा रही नियद नेल्लानार योजना ने पूर्व माओवादियों के बीच आत्मविश्वास को बढ़ाया है।




### पुनर्वास से आत्मनिर्भरता की ओर कदम

यह पहल छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आत्मसमर्पण करने वाले लोगों को सम्मानजनक आजीविका के साधन प्रदान करना है। अधिकारियों के अनुसार यह प्रशिक्षण इन 32 पूर्व माओवादियों को जल्द ही स्वरोजगार स्थापित करने में मदद करेगा। उन्हें न केवल प्रशिक्षण दिए गए हैं, बल्कि वित्तीय सहायता और बैंक ऋण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है। साथ ही प्रशिक्षण उपरांत इन्हें लगातार मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए स्थानीय मैदानी अमले की सहायता भी मिलेगी। बीजापुर के इन 32 पूर्व माओवादियों का कौशल प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना, बस्तर में शांति और विकास की एक नई मिसाल पेश करता है। यह दिखाता है कि हिंसा और बंदूक छोड़ने वाले हर व्यक्ति के लिए हुनर और सम्मान भरा भविष्य इंतजार कर रहा है।

## पेज 11 के शेष

### काबिज भूमि के...

तोड़ने, जातिसूचक शब्दों के प्रयोग एवं जान से मारने की धमकी के प्रकरण में शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई किया जाएं। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिला है, जांच के बाद कार्यवाही किया जाएगा।

### कोर्ट-कचहरी के...

कई प्रकार की बातें करने लगा और गुस्से में हमला कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रज्जे सिंह कोर्राम के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### संकुल प्राचार्य...

शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से भी संवाद करते हुए अध्ययन पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करने और नियमित रूप से विद्यालय आने की अपील किया।

### सर्व पिछड़ा वर्ग...

जुटे हुए हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, जगन्नाथ साहू, अरविंद जैन, मनीष योगी, हरेश चक्रधारी, गोलू गजेंद्र, रिंकू गजेंद्र, मुकेश चंद्राकर, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, एसडीएम गंगाधर वाहिले, एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर, एसडीओ पीडब्ल्यूडी एसके गणवीर, तहसीलदार सुरेंद्र उर्वसा, थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख सहित अन्य अधिकारी व समाजजन उपस्थित थे।

### स्कूटी पर प्रेमी...

जोड़ो का मिलना आम बात हो गया है। एक ऐसा ही मामला सोशल मीडिया में सामने आया, जिसमें दो पहिया वाहन में सवार प्रेमी जोड़ा खुलेआम रोमांस करता हुआ नजर आया। सोशल मीडिया में एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवक-युवती को गोद में बैठाकर स्कूटी चला रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने रोड में इनकी इस शर्मशार कर देनी वाली घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया में वायरल भी कर दिया। लोगो ने बताया कि उन युवक और युवती की शर्मशार कर देने वाली हरकत गोविंदपुर से ऊपर नीचे रोड तक चलता रहा। स्कूटी में युवती और युवक सवार थे उस गाड़ी पर नंबर प्लेट भी नहीं था। इस हरकत के बाद लोगों में आक्रोश भी है। लोगो का कहना है कि बिना नंबर की गाड़ियों और मोडिफाई सिलेंडर कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बुलंद है। अगर गाड़ी पकड़ा भी जाए तो कुछ छुटभैया नेता अपने नेतागिरा का हवाला देकर गाड़ी छुड़वा लेते है, अब देखना है कि पुलिस ऐसे लोगों पर क्या करवाही करती है। कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि इसकी किसी भी तरह की कोई शिकायत नहीं आई है। स्कूटी में घूमने वालों की तलाश किया जा रहा है और सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पतासाजी होने के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

### विवादित भूमि पर...

पूर्ण होने तक उक्त वन भूमि पर किए जा रहे निर्माण कार्य पर तत्काल स्थगन आदेश जारी किया जाए। ग्रामीणों का कहना है पूरा गांव विरोध में है, उसके बाद भी धौंस जमाकर उसके द्वारा निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन इस मामले को गंभीरता से नहीं लेता है तो आने वाले समय में किसी भी तरह की अनहोनी हो सकती है और गांव का शांत माहौल बिगड़ सकता है।

# सहायक शिक्षक भर्ती के 2300 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने का ज्ञापन सांसद को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



सहायक शिक्षक भर्ती में रिक्त 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर आज डीएड अभ्यर्थियों ने बस्तर संसद महेश कश्यप से भेंट की।

अभ्यर्थियों ने बताया कि सहायक शिक्षक भर्ती के पांचवे चरण की काउंसलिंग के बाद भी 2300 पद आज भी रिक्त पड़े हुए हैं। अभ्यर्थियों ने कहा कि बार बार मांग उठाने और विभागीय स्तर पर कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक स्पष्ट निर्णय नहीं हुआ।विभाग की लापरवाही के कारण योग्य एवं टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

इसी मुद्दे पर पीड़ित अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट ने हाल ही में दिए अपने फैसला में पीड़ित बेरोजगार अभ्यर्थियों के पक्ष मे सुनाया है। उच्च न्यायलय ने 26 सितम्बर के अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि अभ्यर्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए। दो माह के भीतर रिक्त 2300 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जाए। अभ्यर्थियों का कहना है कि न्यायलय के आदेश एवं पद रिक्त होने के पश्चात भी अभी तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे पूर्व भी अभ्यर्थियों द्वारा कई बार कैबिनेट मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर चुके अभ्यर्थियों को केवल आश्वासन ही मिला था, जिसके पश्चात अभ्यर्थी परेशान होकर न्यायालय में याचिका लगाई थी। अब न्यायालय का फैसला भी अभ्यर्थियों के पक्ष में आया है। अब इन्हें उम्मीद है कि जल्द न्याय मिलेगा और रिक्त पदों पर जल्द इन्हें नियुक्ति दी जाएगी। सांसद महेश कश्यप ने उनकी मांगों को न्यायोचित बताते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को पत्र लिखकर अवगत करवाया गया। ज्ञात हो कि अभ्यर्थी इससे पहले रायपुर में कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं और लगातार सरकार से छठवें चरण की काउंसलिंग प्रारंभ कर शीघ्र नियुक्ति देने की मांग कर रहे हैं। ज्ञापन देने वाले मुस्कान जायसवाल, बुधमन कश्यप, रामप्रसाद कश्यप, पंकज, मोनिका कश्यप, बिन्देश्वरी, ललीता, नीलू बघेल आदि थे।

## खबर संक्षेप

### शालाओं में हुआ सामाजिक अंकेक्षण



**गीदम।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष अभियान के तहत गीदम संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी शालाओं में सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपलब्धियां एवं शाला संचालन की समीक्षा की गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत गीदम उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति के अध्यक्ष दिनेश कौशल, पार्षद सूरज सिंह ठाकुर व पार्षद मनकु लेकामी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु शिक्षकों एवं अभिभावकों से सक्रिय सहयोग की अपील की। संकुल प्राचार्य अवधेश अवस्थी व संकुल समन्वयक योगेश सोनी एवं ने इस दौरान विद्यालयों की प्रगति, विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियां एवं सुधारात्मक सुझाव प्रस्तुत किए व तमाम जनप्रतिनिधि, अतिथियों व पालकों का आभार व्यक्त किया।

### करियर का चयन करना हम सबके लिए एक कठिन परिस्थिति



दंतेवाड़ा। स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल कुम्हारास दंतेवाड़ा में करियर काउंसलिंग मार्गदर्शन में डॉ. दिनेश कुमार लहरी सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान ने विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को करियर काउंसलिंग और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जानकारियां बुधवार को साझा किए। उन्होंने बताया कि करियर का चयन करना हम सबके लिए एक कठिन परिस्थिति हो सकता है लेकिन इसे शुरू से ध्यान देकर सही दिशा में प्रयास किया जाए तो आगे जो भी क्षेत्र में जाना चाहते हैं उसे चयन करने में कठिनाइयां नहीं होगा। इसके लिए निरंतर अभ्यास और पढ़ने की दिशा पर अग्रसर होना होगा। तभी हम करियर का सही ढंग से कर पाएंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सविता मेश्राम, सरला चंद्राकर , मंजू पटेल चंद्र ठाकुर और विद्यालय के छात्राएं उपस्थित रहे।

### परियोजना सलाहकार मण्डल की हुई बैठक

**सुकमा।** एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना कोन्टा मुख्यालय सुकमा की बैठक बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में हुई। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत कोण्टा की अध्यक्ष एवं परियोजना सलाहकार मण्डल की अध्यक्ष कुसुमलता कवासी ने की। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य हो कि जिले में सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि निर्माणधीन कार्य को गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा में पूर्ण करे।

# नागाराम 74वीं बटालियन का नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा



नक्सलवाद के खात्में को लेकर बढ़ाए जाने वाले कदमों में एक और कदम बढ़ाते हुए। सुकमा जिला के कोंटा ब्लॉक के नागाराम ग्राम में नवीन कैम्प स्थापित कर दिया गया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम नागाराम में जिला सुकमा पुलिस एवं सीआरपीएफ द्वारा नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन के नियद नेल्लानार योजना से क्षेत्र की ग्रामीणों को

■ नियद नेल्लानार योजनांतर्गत होगा अब क्षेत्र में तेजी से विकास

लाभान्वित करने के उद्देश्य एवं शांति की राह में स्थापित इस कैंप से क्षेत्र में अनेक बदलाव देखे जा सकते हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद सुरक्षा बलों ने सभी चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए माओवादियों के कोर जोन क्षेत्र में लगातार एक साथ दोनों ग्रामों में यह कैंप स्थापित किया गया है। सुरक्षा कैंप की स्थापना से क्षेत्र में सुरक्षा वातावरण सुदृढ़ होगा तथा ग्रामीणों को विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही यह कदम माओवादियों के विरुद्ध एक बड़ी रणनीतिक सफलता है तथा ग्रामीणों के जीवन में शांति, सुरक्षा और विकास की नई दिशा प्रदान करेगा।

### बीते एक वर्ष के अंतराल में फोर्स के अब तक 19 कैंप स्थापित

वर्ष 2024 से अबतक जिला सुकमा में सुरक्षा बलों द्वारा कुल 19 नवीन कैम्पों की स्थापना किया गया है। नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना होने से नक्सल उन्मूलन में तेजी आई है, जिसके फलस्वरूप वर्ष 2024 से अबतक नक्सल विचारधारा को त्यागकर 518 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किये एवं सुरक्षा बलों ने विभिन्न अभियानों में 64 माओवादी को मार गिराने व 451 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित हुई है।

### अधिकारियों के मार्गदर्शन में सुरक्षा बलों को मिल रही कामयाबी

छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वाधिक सुदूर अंचल क्षेत्रों में नक्सल उन्मूलन अभियान एवं विकासात्मक कार्यो में तेजी लाने बस्तर आईजी सुन्दरराज पी. डीआईजी कमलोचन कश्यप सीआरपीएफ डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित के मार्ग-दर्शन एवं सुकमा एसपी किरण चव्हाण सीआरपीएफ 74 वाहिनी के कमांडेंट हिमांशु पांडेय तथा आला अधिकारियों दिशा निर्देशानुसार अति संवेदनशील माओवादी प्रभावित क्षेत्र ग्राम नागाराम में नवीन सुरक्षा कैम्प पांच अक्टूबर को स्थापित किया गया। नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान संचालन में तेजी आयेगी एवं आसपास क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को विकासात्मक कार्य एवं मूलभूत सुविधायें जैसे कि सड़क, पुल, पुलिया निर्माण, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधा, पीडीएस दुकाने, अच्छी शिक्षा, मोबाईल कनेक्टिविटी का विस्तार आदि की सुविधायें मिल पायेगा। नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के आम-जन उत्साहित है।

# कोया समाज के धर्मांतरित परिवार ने मूल धर्म में की वापसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

ईसाई धर्म अपनाये एक परिवार के पांच सदस्य फिर से मूल धर्म में लौट आए हैं। गांव के पुजारी, सिरहा समेत कोया समाज प्रमुखों की उपस्थिति में शुद्धिकरण किया गया।

बस्तर ब्लॉक के ग्राम मांदलापाल डोकरीपारा में कोया समाज के एक परिवार के पांच सदस्यों ने विगत 5 वर्षों से ईसाई धर्म मानते थे। बुधवार को मूल धर्म में कोया समाज की उपस्थिति में वापसी की। इन्होंने ग्राम देवी देवताओं को मानने का संकल्प लिया। बताया जा रहा है कि किसी कारणवश से यह परिवार ईसाई धर्म को अपना लिए थे। घर वापसी कार्यक्रम में 12 गांव के सियान पाईक,नाईक,पटेल कोया समाज की उपस्थिति में ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर पुजारी ने परिवार के सदस्य फरसु बघेल, नीला बघेल, सोनई बघेल को शुद्धिकरण किया गया। इस दौरान कोया समाज के अध्यक्ष बलिया राम मंडावी, रामू राम वेटी, नकुल मंडावी, दसो पोयाम, लखमू मंडावी, नाईक समलू कुड़यंम, पाइक पूरन नेताम गांव के पुजारी मौजूद रहे।

# 500 से अधिक स्वयं सेवकों ने अनुशासन एकता और समपर्ण की झलक प्रस्तुत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिले के गीदम नगर क्षेत्र में विजयादशमी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ सदस्य ईश्वर लाल सोनी, मुख्य वक्ता चंद्रशेखर देवांगन प्रांत कार्यवाहक छत्तीसगढ़, अमर चंदवानी और संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर गीदम नगर के पांच बस्ती क्षेत्र से लगभग 500 से अधिक स्वयंसेवकों ने संघ के अनुशासन, एकता और समर्पण की झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पथ संचलन से हुई जिसमें स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश धारण कर गीदम नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर गीदम नाकापारा में एकत्र होकर कार्यक्रम को अंतिम रूप दी। पथ संचलन के दौरान भारत माता की जय और राष्ट्र एकता के जय घोष से वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। पथ संचलन के दौरान मार्ग के अनेक केंद्र पर मातृशक्ति के द्वारा पुष्प वर्षा कर संचालन के स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। उस दौरान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चंद्रशेखर देवांगन प्रांत कार्यवाहक छत्तीसगढ़ ने कहा कि संघ ने 100 वर्षों में राष्ट्र सेवा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण का जो कार्य किया है वह अद्वितीय है। उन्होंने कहा डॉ. हेडगेवार ने जिस राष्ट्र निष्ठा और सेवा भाव की नींव रखी थी वही आज संगठन की पहचान बन चुकी है। संघ समाज में एकता, आत्म बल और राष्ट्रभाव जागृत करने का निरंतर कार्य कर रहा है। वही जिला कार्यवाह धनेश्वर दास ने बताया कि संगठनात्मक दृष्टि से दंतेवाड़ा जिले को 22 मंडलों में विभाजित किया गया है। जिनमें से 15 मंडलों में अब तक शताब्दी उत्सव के निमित्त विजयादशमी कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं। कार्यक्रम का समापन संघ गीत और प्रार्थना के साथ हुआ। उपस्थित स्वयंसेवकों ने देश की एकता और समाज समरसता के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैलाश सोनी, महेंद्र नायक, मिश्रीलाल झाडे, कमलेश नाग, संतोष महापात्र, शिवराम बैक, पंडित कुरसाम, धनेश्वर दास, राजकुमार गुप्ता, अंकित गुप्ता, मायादीन गुप्ता, भागीरथी यादव, विजय दुबे एवं नगर कार्यवाह वैभव गुप्ता समेत अन्य उपस्थित रहे।

# वनाधिकार पत्र की मांग का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



सीपीआई के जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने भोपालपटनम क्षेत्र के सैंकड़ों ग्रामीणों के साथ वर्षों से काबिज़ आवासीय भूमियों व कृषि भूमियों का पट्टा प्रदाय करने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे, साथ ही मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा वर्षों से हम समय-समय पर बदलती सरकारो से पट्टे की मांग कर रहे हैं पर आज पर्यंत तक पट्टा हमे नहीं दिया जा रहा है साथ ही शासन और प्रशासन के द्वारा हमारे साथ जमीनों से बेदखली की कार्यवाही की जा रही है, यह संविधान की पांचवीं अनुसूची का क्षेत्र होने नाते पट्टा प्राप्त करना हमारा संवैधानिक अधिकार है। इसलिए वनाधिकार मान्यता कानून 2006 को मद्देनजर रखते हुए इस क्षेत्र के सभी ग्रामीणों को तत्काल वनाधिकार पत्र प्रदान करें अन्यता आने वाले दिनों में भाकपा इन पीड़ित जनता के साथ मिलकर उनके मांगों को लेकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी। साथ ही उन्होंने मीडिया से औपचारिक चर्चा के दौरान उस क्षेत्र के रसूखदारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि आईटीआर के कई एकड़ भूमियों पर वर्षों से अवैध कब्जा है जिसे प्रशासन हटाने में नाकाम साबित हो रही है। आखिरकार इन पर किसका संरक्षण है। इस मामले पर तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सारे दस्तावेज़ हमारे पास मौजूद हैं आने वाले दिनों में प्रशासन से कब्ज़ा हटाने व कार्यवाही की मांग करेंगे। आने वाले दिनों में अगर ऐसे दोहन और होते रहेंगे तो सीपीई बड़ी आंदोलन की तैयारी में है। जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# हायर सेकंडरी स्कूल चिंगपाल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

मुख्यमंत्री शिक्षक गुणवत्ता अंकेंक्षण अभियान के तहत दरभा जनपद पंचायत के चिंगपाल हायर सेंकण्डरी स्कूल में जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद पीडी के उपस्थिति में सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हुआ। जहां शिक्षकों और पालको की उपस्थिति मे गाइड लाइन मे दर्शित प्रश्नों के आधार पर छात्र छात्राओ से संवाद करते हुए प्रशन पूछे गए। बच्चों द्वारा दिए गए उत्तर एवं उनकी अभिव्यक्ति की सामर्थ्य एवं विषय की समझ के अनुसार स्कुल का आकलन किया गया। जिसके लिए नोडल अधिकारी हेमधर कश्यप और तुला दास मानिकपुरी मौजूद थे। आकलन मे बच्चों के विषय आधारित ज्ञान सामूहिक चर्चा एवं अभिव्यक्ति के सामर्थ्य को सम्मिलित किया गया। जिसमे बालिका शिक्षा, पर्यावरण आदि विषय सम्मिलित थे। बच्चों के प्रदर्शन पर पालको ने मिली जुला प्रतिक्रिया दिया। परन्तु उन सभी ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

सामाजिक अंकेक्षण मे हिंदी एवं इंग्लिश दोनों माध्यम के छात्र छात्राये शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत मे न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। जहां जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद पीडी, सरपंच जयराम बघेल और प्राचार्य मोहन जोशी ने बच्चों को भोजन परोसा। इस कार्यक्रम मे जानकी राम मौर्य, धनीराम नाग, ममता नाग एवं शिक्षकों मे मंगल राम कश्यप, पूर्व प्रचार्य वर्गीश मथाई, बांधे, रामधर नाग, शोभा मौर्य, प्रेम कश्यप, वंदना झा के साथ समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### अधिकारी- कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता से करें : एसडीम

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में एसडीएम कार्यालय के सभाकक्ष में बस्तर ओलम्पिक के सफल आयोजन को लेकर बैठक हुई। अध्यक्षता एसडीएम सूरज कश्यप ने की। बैठक में जिले में आयोजित होने वाले बस्तर ओलम्पिक के लिए पंजीयन की प्रगति, आयोजन की रूपरेखा, विभिन्न खेलों के संचालन, खिलाड़ियों की भागीदारी तथा आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतियोगिता का संचालन समयबद्ध एवं सुनियोजित तरीके से किया जाए, ताकि जिले के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता से करें और सुनिश्चित करें कि खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विशेष रूप से खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन, परिवहन और स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

### विवि में प्री आरडीसी चयन शिविर में 30 स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

**जगदलपुर।** गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली में शामिल होने के लिए मंगलवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में प्री आरडीसी चयन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें करीब 30 स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर युवा एनएसएस अधिकारी डॉ राजकुमार वर्मा, विवि एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ सजीवन कुमार,बस्तर जिला संगठक मौसमी विश्वास,विवि कार्यक्रम अधिकारी डॉ भुनेश्वर लाल साहू, डॉ. प्रिंसी दुग्गा एवं कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर, बकावंड कॉलेज एवं शहर के दंतेश्वरी महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी और संगठक की उपस्थिति में स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया गया। इस शिविर के माध्यम से दो छात्र-छात्रा का चयन किया जाएगा जो अगले 26 जनवरी को नई दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रपति को सलामी देंगे। ज्ञात हो कि पिछले 2024-25 सत्र में विवि के कनिष्का राजपूत और रेयतु राम को बेस्ट स्वयंसेवक का और अमर सिंह पुरामे को श्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी का पुरस्कार मिला।

# पानी समस्या के समाधान के लिए नगरपालिका की अनुकरणीय पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



नगर पालिका बड़े बचेली में वर्षो से पेयजल आपूर्ति के लिए पानी टंकी की मांग की गयी थी, जिसमें राज्य सरकार द्वारा 5 पानी टंकी जो की वार्ड 2, वार्ड 9,वार्ड 5, वार्ड 16 एवं वार्ड 6 के लिए 179.00 लाख स्वीकृति हुई है। जिसमें आज वार्ड 6 में फारेस्ट ऑफिस के समीप 200 केएल पानी क्षमता ओवर हेड टंकी का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष राजू जायसवाल, उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदनी, जल कार्यमंत्री दीपक सरकार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीटी एम कृष्णा राव, उप अभियंता संतोष नेगी एवं ठेकेदार डीआर टेक धमतरी उपस्थित थे। अध्यक्ष राजू जायसवाल के द्वारा नगर के पेयजल व्यवस्था हेतु यह निर्माण मिल का पत्थर साबित होगा। लोगों को पानी की समस्या से निजात प्राप्त होगा। उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदनी ने बताया कि लोगों की पेयजल आपूर्ति की समस्याओं का निराकरण हो जायेगा, जिसके लिए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। जल मंत्री दीपक सरकार ने बताया कि आने वाले साल में नगर को पेयजल की आपूर्ति के लिए सुदृढ़ करना है।

# शाहपुर पीठ बड़ा रामद्वारा के महंत हरिराम शास्त्री का शहर आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा पीठ बड़ा रामद्वारा के महंत भागवत के प्रखर ओजस्वी वक्ता संत हरिराम शास्त्री का बुधवार को शहर आगमन हुआ। दिल्ली से यात्री विमान सेवा से शाम 4 बजे माँ दंतेश्वरी एयरपोट पहुंचे। जहां उनका शहर के गोविंद ईनाणी परिवार के नेतृत्व में सनातनी हिन्दू संगठनों के अनुयायियों ने स्वागत किया। एयरपोर्ट से वे सीधा बोधघाट स्थित ईनाणी आवास पहुंचे। जहां विश्राम पश्चात शाम 7 बजे माहेश्वरी भवन में संतश्री का प्रवचन होगा। संत हरिराम शास्त्री का यह दूसरा बस्तर प्रवास है। इसके पहले वे 15 साल पूर्व जगदलपुर आये थे। उन्होंने हरिभूमि से चर्चा में कहा वे 50 वर्ष से रामध्यान और भागवत कथा पर प्रवचन कर रहे है। देश के पूर्वोत्तर राज्य को छोड़ शेष सभी महानगर एवं विभिन्न शहर में प्रवचन भागवत कथा का धार्मिक आयोजन निरन्तर जारी है। संत हरिराम शास्त्री विदेशों में भी भागवत कथा के माध्यम से लोगो को धर्म से जोड़ने के कार्य मे जुटे है। उन्होंने बताया बस्तर देश के अन्य क्षेत्रों से विशेष है। यहां के आदिवासी संस्कृति व परम्परा समूचे विश्व में अनूठी है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### फोर्स ने छात्रों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी

**भानुप्रतापपुर।** 33 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी के द्वारा भीरा गांव स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के छात्र-छात्राओं को साइबर सिक्योरिटी के विषय में जागरूक करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल से सहायक कमांडेंट संचार दाऊद टोपनो, निरीक्षक संचार सुभाष कुमार तथा उप निरीक्षक संचार शशिकांत कुमार ने विद्यार्थियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव, सोशल मीडिया के जिम्मेदाराना इस्तेमाल तथा साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने विद्यार्थियों से इस जानकारी को व्यवहार में लाने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील किया।

### स्कूल स्तर पर सामाजिक अंकेक्षण पर हुई चर्चा



**अंतागढ़।** शाउमावि कोलर में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता 2025 26 के तहत सामाजिक अंकेक्षण 7 अक्टूबर को किया गया। शाउमावि तालाबेड़ा के व्याख्याता नोडल अधिकारी अनूप श्रीवास्तव और माध्यमिक स्तर के नोडल अधिकारी तालाबेड़ा माध्यमिक शाला के शिक्षक गौकरण निषाद द्वारा बच्चों से व समिति के सदस्यों से कई स्तरों पर चर्चा किया गया। माध्यमिक स्तर के बच्चों के लिए शासन के मंशानुरूप मध्यान्ह भोजन मैं न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य दंतेश्वरी वट्टी, सुखधर बुई उपसरपंच, देवलाल दुग्गा अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति, तेज सिंह बघेल पूर्व सरपंच, प्राचार्य आरआर मरकाम एवं शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

### चार दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा 10 से होगी

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत कोदापाखा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चार दिवसीय पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 10 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 तक होगी। आयोजन समिति अध्यक्ष देवेंद्र नरेटी ने बताया कि इस खेल आयोजन का उद्देश्य ग्राम स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और युवाओं में आपसी सहयोग की भावना बढ़ाना है। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 20,000, द्वितीय पुरस्कार 12,000 तथा तृतीय पुरस्कार 6,000 रूपएं रखा गया है। वहीं प्रवेश शुल्क 551 निर्धारित किया गया है। आयोजन की तैयारियों में नया सवेरा नवयुवक मंडल कोदापाखा के सभी सदस्य उत्साहपूर्वक जुटे हुए हैं।

### मोहट बूढ़ादेव सेवा समिति दशरहा पर्व मनाएंगा

**दुर्गुकोंदल।** आदिवासी परंपरा एवं सांस्कृतिक एकता के प्रतीक नांगेल मोहट बुढ़ादेव सेवा समिति के तत्वावधान में पारंपरिक दशरहा पर्व का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सरंक्षक मोतीराम नरेटी, सुखनाथ नरेटी, श्यामलाल नेगी एवं घसियाराम नरेटी के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न होगा।

**दिवस : संघ का प्रमुख उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर राष्ट्र को सशक्त बनाना : विवेक**

# जामगांव पथ संचलन में स्वयंसेवकों ने अनुशासन व राष्ट्रसेवा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में खंड सरोना के ग्राम जामगांव में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के शिवाजी बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित कदमताल करते हुए राष्ट्रभक्ति और संगठन का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर पथ संचलन का गर्मजोशी से स्वागत किया। बस्ती में पथ संचलन के उपरांत बौद्धिक चर्चा में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक विवेक वर्मा ने कहा कि संघ का प्रमुख उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर राष्ट्र को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत हजारों वर्षों तक पराधीनता की जंजीरों में जकड़ा रहा, जिसके दौरान हमारे समाज ने असंख्य अत्याचार, शोषण और अन्याय झेले। हमारी माताओं-बहनों की अस्मिता असुरक्षित रही और समाज आत्मगौरव से दूर हो गया। ऐसे कठिन समय में संघ ने समाज में जागृति लाकर भारतीय संस्कृति, परंपरा और जीवन मूल्यों की रक्षा का कार्य किया। आज आवश्यकता है कि हम अपने गौरवपूर्ण इतिहास को पुनः आत्मसात करें और आने वाली पीढ़ियों को संस्कारित बनाएं। जिला सह कार्यवाह तिलक सिन्हा ने कहा कि आज का युग स्वाभिमान और स्वदेशी का युग है। यदि भारत को बलशाली और विश्वगुरु बनाना है, तो हर नागरिक को स्व का बोध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में भारतीयता को अपनाना होगा, चाहे वह भाषा, भूषा, भोजन या भ्रमण के रूप में हो। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि देश की समृद्धि तभी संभव है जब हम अपने देश में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देंगे। यही सच्ची राष्ट्रभक्ति का मार्ग है। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगीत के साथ आयोजन संपन्न हुआ और सभी स्वयंसेवकों ने राष्ट्र ही परम धर्म का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता, ग्राम प्रमुख और जनपद सदस्य भगवती वेदबती शोरी, सरपंच भगवती उइके, उपसरपंच सुरेश शोरी, ग्रामसभा अध्यक्ष रतनू नेताम, पूर्व उपसरपंच कोमल सी. मरकाम, हीरा मरकाम, सहकार्यवाह राकेश नागवंशी, खंड कार्यवाह सरोना किशोर भास्कर, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता धर्मेंद्र सुरजिया, गौरव शोरी, सतीश राठौर, महेश कौशिक, सोनू यादव, हरीश ठाकुर, आलोक कौशिक, मनीष बघेल, युवराज सिन्हा, गोकारण सिन्हा सहित मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ता सानू बघेल, पल्लवी यादव, भावना सिन्हा, दामिनी यादव, अरीसी नाग, जयंती यादव और अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**जीवंत उदाहरण बना पथ संचलन**



गांव की गलियों से गुजरते हुए जब संघ के स्वयंसेवक गणवेश में कदमताल करते निकले तो वातावरण में भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठी। यह दृश्य गांववासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण था। नागरिकों ने सड़कों के दोनों ओर खड़े होकर ताली बजाकर और पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया।

## संघ का 100 वां वर्ष, हर बस्ती और हर मंडल तक पहुंचेगा संगठन का कार्य



**भानुप्रतापपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने 100 वर्ष पूर्ण होने पर भानुप्रतापपुर नगर के बजरंग बस्ती में विजयादशमी उत्सव पथ संचलन निकालकर अपना 100 वां वर्ष मनाया। मुख्य अतिथि चद्रकुमार कटहरे, मुख्य वक्ता हरिराम मधुकर तथा नगर द्वारिका प्रसाद उपस्तिथ रहे। मुख्य वक्ता ने कहा की संघ अपने 100 वर्ष को संघ के कार्य को हर बस्ती व हर मंडल तक पहुंचायेगा। एक बीज जो संघ की शाखा को नागपुर मे लगाया डॉ. हेडगेवार ने किन्तु यह 2025 मे आज एक वट वृक्ष बन गया है। भारत के प्रत्येक व्यक्ति को यह धरती हमारी माँ है और हम सब उनका पुत्र है। ये भाव प्रत्येक भारतीय के अंदर होना चाइये तभी एक श्रेष्ठ भारत की संकल्पना पूर्ण हो पाएगा। डॉक्टर हेडगेवार ने हिन्दु समाज को संगठित करने का संकल्प लिया और उन्होंने अपने घर मे 16 लोगो के साथ संघ शुरु किया। वह बाल्य काल से हि देश भक्त था। आज हमारा समाज मे समता व सद्भाव की एक अत्यधिक आवश्यकता है जिससे समाज का भाव एकात्म हो संगठित हो। आज हमारे देश के जो कुटुंब परिवार व्यवस्था थी। वह धीरे धीरे पश्चात्य संस्कृति के कारण हमारा समाज मे कुप्रथा और आचरण पर बुरे प्रभाव पड़ रहे है। इसको ठीक करने के लिए हमे अपने भारतीय संस्कृति को अपनाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे समाज में कुटुंब परिवार व्यवस्था बचेगा। वही नागरिक शिष्टाचार की बात करते है तो हम सब अपने अधिकार की बात करते है, किन्तु मेरा समाज के प्रति अपना कर्तव्य को स्मरण करने की आवश्यकता है। वर्तमान समय मे बड़े पैमाने पर वृक्षों की कटाई तथा दोहन किया जा रहा है, जिसके कारण हम सबको अधिक मात्रा मे वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है। हमको अपने भाषा के प्रति स्वाभिमान का बोध हो तथा अपने क्षेत्र के भाषाओं को बोल चाल के माध्यम से अपने दैनांदनी जीवन मे सहभाग करें। आज बड़े पैमाने पर हम सबकी जिम्मेदारी है की हम अपने देश में बनने वाले वस्तुओ का हि प्रयोग कर भारत को एक बड़ा हि स्वदेशी के क्षेत्र मे एक बार भारत की परिचय देने की आवश्यकता है। यह भारत वर्ष हर तरह के समस्याओ का सामना करने के लिए तैयार खड़ा रहता है। यह भारत अब अपने सनातन धर्म की रक्षा कर विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।



## विज्ञान संगोष्ठी में पोस्टर और पीपीटी स्पर्धा हुई

**कांकेर।** जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन डाइट कांकेर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला स्तरीय विज्ञान सेमिनार प्रतियोगिता का विषय क्वांटम युग का आगाजः संभावनाएं और चुनौतियां था, जिसमें जिला के 6 विकासखंड से 11 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रतिभागियों द्वारा पोस्टर, चार्ट और पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण हुआ। विज्ञान सेमिनार प्रतियोगिता में कृतिका रामटेक प्रथम और खुशबू साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मिथिलेश दुग्गा और बबली साहू, प्रतिज्ञा खैरवार और लोकिता दुबे, करण हालदार, उज्जवल मरकाम, रिया मरकाम, भास्कर दीवान, यागिनी मंडावी ने अपनी सहभागिता दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में व्याख्याता रुक्मणि छाटा, गंगेश्वर जांगड़े, डेमीन साहू एवं पंजीयन प्रभारी और कार्यक्रम संचालक ओमप्रकाश डड़सेना रहें। डाइट उप प्राचार्य भुवन जैन, सहायक प्राध्यापक दिनेश साहू और धनराज टांडिया, विज्ञान संगोष्ठी जिला एवं जोन नोडल पुष्पांजलि ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

## माशा डांगरा में शिक्षा गुणवत्ता पर सामाजिक अंकेक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

■ बच्चों ने न्योता भोज का आनंद लिया



मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन माशा डांगरा में उत्साह और सफलता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी रघुनाथ तारम, प्रधान पाठक माशा भण्डार डिगी, जनप्रतिनिधि रमुला नरेटी, सामाजिक कार्यकर्ता टिकेश्वर नरेटी, सक्रिय सदस्य बिसाहु राम मरकाम, विष्णु नेताम, सेवानिवृत्त शिक्षक उमेन्द्र ठाकुर, महिला सदस्य बिसाय नरेटी, बिसो बाई पटेल, प्रमिला वडडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र नरेटी, सक्रिय सदस्य विष्णु नेताम और बिसाहु मरकाम ने समीक्षा करते हुए कहा कि यह अभियान निश्चित रूप से बच्चों के बीच गुणवत्तायुक्त शिक्षा को बढ़ावा देगा। इस बात पर बल दिया कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाने चाहिए, क्योंकि ये न केवल शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाते हैं, बल्कि बच्चों में कौशल विकास को भी प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर लक्ष्मी स्वसहायता समूह ने उत्साहपूर्वक न्योता भोज का आयोजन किया, जिसमें फल, गुड़ और अंकुरित चना जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ परोसे गए। इसके अतिरिक्त, पंच खोरिन नेताम ने बच्चों को बिस्कुट वितरित कर उनके चेहरों पर खुशी बिखेरी। इस प्रकार सामाजिक अंकेक्षण का यह कार्यक्रम सभी के सहयोग से अत्यंत सफल रहा।

## जनपद सभापति सविता उइके ने बच्चों को दिए पंखे एवं कारपेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के अंतर्गत आयोजित सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम के दौरान विकासखंड दुर्गुकोंदल के प्राथमिक शाला गायतापारा, खुटगांव में जनपद पंचायत सदस्य एवं जनपद शिक्षा समिति की सभापति सविता उइके ने बच्चों की उपस्थिति और विद्यालय की स्थिति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान देखा कि विद्यालय में गर्मी के कारण बच्चों को असुविधा हो रही थी और फर्श पर बैठने की स्थिति संतोषजनक नहीं थी। बच्चों की जरूरतों को देखते हुए विद्यालय को दो नग सिलिंग पंखे एवं एक कारपेट भेंट किया। साथ ही विद्यालय में दो वर्षों से खराब पड़े बोरवेल को सुधरवाने की पहल कर उसे चालू कराया, जिससे विद्यालय में पेयजल की सुविधा बहाल हो गई। कहा कि हमारे बच्चों का भविष्य ही हमारे गांव और समाज का भविष्य है। सभी माताएं-पिताएं अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। बच्चे जब घर लौटते हैं तो उनके पढ़ाई-लिखाई की समीक्षा करें ताकि वे आगे बढ़कर अपने माता-पिता और गांव का नाम रोशन कर सकें। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करना और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से विद्यालयों को बेहतर बनाना है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत खुटगांव के सरपंच मुकेश नरेटी, एसएमसी सदस्य अस्सी राम ध्रुव, जनिया नरेटी, दयावती दुग्गा, गणेश राम, नरसिंह मरकाम, बीसनाथ, बाजोतिन, रासो बाई, कुमारी बाई, होलिका गावड़े, लालसाय, शनिराम, शंकर नागवंशी, कैवरा गायकवाड़, सावित्री ठाकुर एवं अनीता जैन सहित अनेक ग्रामवासी और शिक्षक उपस्थित रहे।

### बरहेली के आमापारा में साफ-सफाई की



**दुर्गूकोदल।** ग्राम पंचायत बरहेली के अंतर्गत आने वाले आमापारा गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में युवाओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गांव के गली-मोहल्लों की सफाई कर ग्रामीणों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। वार्ड पंच रामसिंग तोपा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान मनोज मंडावी, समपत मडावी, धनेश गावड़े, रामदेव नरेटी, मोनू गावड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष और युवा साथी उपस्थित रहे।

### दुर्गूकोंदल के तहसीलदार होंगे कुलदीप ठाकुर



**दुर्गुकोंदल।** प्रशासनिक फेरबदल के तहत दुर्गुकोंदल तहसील में नए तहसीलदार के रूप में कुलदीप ठाकुर की पदस्थापना की गई है। वर्तमान तहसीलदार केतन कुमार भोयर का स्थानांतरण पखांजुर तहसील में किया गया है, जहां वे अब तहसीलदार के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे। नए तहसीलदार के कार्यभार ग्रहण करने से स्थानीय प्रशासनिक कार्यों में नई ऊर्जा आने की उम्मीद जताई जा रही है। ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने नवपदस्थ तहसीलदार का स्वागत किया और सहयोग की अपेक्षा व्यक्त किया।

## युवा कांग्रेस ने प्रभारी, सहप्रभारी, व प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



**कांकेर।** युवा कांग्रेस कांकेर के द्वारा युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पटानीया, सहप्रभारी डॉ. मोनिका मांडरे, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा का जिला आगमन पर पीजी कॉलेज के सामने फूल माला, ढोल व आतिशबाजी के साथ एनएसयूआई पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष चमन साहू, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव महेंद्र नायक के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के साथियों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी, सहप्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष ने युवा साथियों का स्वागत के लिए अभिवादन किया वा युवा साथियों से कहा कि आप सब युवा कांग्रेस के साथी इस जोश ओर जज्बे को जनता विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता के हक की लड़ाई लड़ने के लिए सड़क पर उतर कर जनांदोलन करके इस कुंभकर्णी नींद में सोई हुई बीजेपी की सरकार सत्ता के हटाने के लिए ताकत लगाइए। इस दौरान महेंद्र नायक जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर, जिला कार्यलय प्रभारी लोमेंद्र यादव, यासीन कराणी, किसन साहू, टूकेशवर साहू, बसंत साहू,नरेश तूलावी, योगेश राजपूत, शेक इमरान, तारस सिन्हा, पवन कांगे, विक्रम मल्लिक, दीपन्कर सरकार, नरसिंग अकीब रज़ा, किरण साहू, अर्शिल कुरैशी, समीर बांचोर व कार्यकर्ता उपास्थित रहें।

## विश्वास, त्याग और दृढ़ता ही सफलता की नींव, प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा की तैयारी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के छात्रों के लिए कैरियर काउंसलर अभिषेक रॉय ने 14 वर्षों का अनुभव बताते हुए छात्र-छात्राओं को मोटिवेट किया गया। समय में सही कैरियर का चयन करना छात्रों के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय होता है। सही मार्गदर्शन और समय पर सही कदम हमारे भविष्य को न केवल उज्जवल एवं सुरक्षित बनाते हैं, बल्कि हमारी क्षमताओं और रूचियों के अनुसार हमें सफलता की ओर ले जाते है। कैरियर एक्सेलेरेटर का अर्थ है, कैरियर में तेजी से प्रगति करने के उपाय और अवसर। यह हमें अपने लक्ष्य निर्धारित करने, आवश्यक कौशल विकसित करने और सही निर्णय लेने में मदद करता है। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में केवल पढ़ाई करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि हमें उत्कृष्ट ज्ञान, कौशल और अच्छी आदतों को भी विकसित करना आवश्यक है। एक कैरियर एक्सेलेरेटर हमें प्रेरित करता है कि हम अपने सपनों को पहचानें और उन्हें वास्तविकता में बदलने के लिए लगातार प्रयास करें। यह हमें सीखने की प्रवृत्ति, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और समय प्रबंधन सिखाता है। कैरियर एक्सेलेरेटर/" न केवल हमारी शिक्षा को बढ़ावा देता है, बल्कि हमें अपने कैरियर में तेजी से सफलता प्राप्त करने की दिशा भी दिखाता है। हमें चाहिए कि हम इस अवसर का सही उपयोग करें और अपने सपनों को साकार करें। विश्वास, त्याग और दृढ़ता विश्वास मानव जीवन का सबसे बड़ा स्तंभ है। जब तक हम स्वयं पर और अपने उद्देश्य पर विश्वास नहीं करेंगे, तब तक कोई भी कठिनाई हमें रोक नहीं सकती। त्याग का अर्थ है अपने स्वार्थ, आराम या सुविधाओं को छोड़कर किसी उच्च लक्ष्य के लिए काम करना। त्याग के बिना कोई भी महान कार्य संभव नहीं है। एक साधक, सैनिक या वैज्ञानिक, सभी को अपने लक्ष्य के प्रति त्यागशील होना पड़ता है। दृढ़ता वह गुण है जो हमें कठिनाइयों और असफलताओं के बावजूद आगे बढ़ते की शक्ति देता है। सफलता रातों-रात नहीं मिलती, यह धैर्य और लगातार प्रयास से प्राप्त होती है। विश्वास, त्याग और दृढ़ता मानव जीवन को सफल और सार्थक बनाने के मूल मंत्र हैं। यदि हम इन तीनों गुणों को अपनाएं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। मोबाइल से दूर रहने के लिए कुछ तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर हम आपने समय और ध्यान बेहतर तरीके से इस्तेमाल कर सकते है, मोबाइल इस्तेमाल करने का समय सीमित करें। पढ़ाई या काम के समय मोबाइल किसी अलग कमरे में रखें। किताबें पढ़ें, बाहर टहलें, योग करें या दोस्तों परिवार के साथ समय बिताए। कैरियर काउंसलिग के साथ ही कक्षा 9 वीं से 12 वी तक के छात्र-छात्राओं के लिए आकाश इंस्टिट्यूट के प्रतिनिधि शिक्षकों के द्वारा प्रवेश परीक्षा लिया गया, जिसमें 139 छात्र-छात्राओं पेपर दिलाएं। जिसमें हायर कक्षा के कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बढ़ाई, अभिनव सिंह, शिखा मेहरा, अवतार सिंह, टाकेश्वर साहू पार्थ ज्योति कलिता, निशा जयसवाल उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ब्रेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411